तेरा हाथ मेरे सर है

भवानी कर दो बेड़ा पार, भवानी कर दो बेड़ा पार,
एक बार मां दर पर बुला ले विनती बारंबार,
भवानी कर दो बेड़ा पार, भवानी कर दो बेड़ा पार........

तेरी ही कृपा से मैया सब सुख मैंने पाया है,
मुख से मैंने कुछ नहीं मांगा बिन मांगे सब पाया है,
हे जग जननी हे जगदंबे तू मेरा आधार भवानी कर दो बेड़ा पार,
भवानी कर दो बेड़ा पारभवानी कर दो बेड़ा पार,
भवानी कर दो बेड़ा पार, भवानी कर दो बेड़ा पार..........

तू ही लक्ष्मी तू ही वैष्णो तू ही तो मां ज्वाला है,
तेरी ज्योत से है महामाई चारों ओर उजाला है,
जिसने तेरी ज्योत जगाई वही मालामाल भवानी कर दो बेड़ा पार,
भवानी कर दो बेड़ा पार भवानी कर दो बेड़ा पार,
भवानी कर दो बेड़ा पार, भवानी कर दो बेड़ा पार...

जोर-जोर से मैं चिल्लाऊं तुम तो मैया मेरी हो,
बाल न बांका होगा मेरा कितना भी जग बैरी हो,
तेरा हाथ मेरे सिर पर है तो क्या कर ले संसार,
भवानी कर दो बेड़ा पार भवानी कर दो बेड़ा पार,
भवानी कर दो बेड़ा पार, भवानी कर दो बेड़ा पार......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31207/title/tera-haath-mere-sir-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |